# मवाना मैराथन 17 फरवरी को

नई दिल्ली। मवाना शूगर इंडियन ओपन मैराथन यहां आगामी 17 फरवरी को आयोजित की जाएगी। इंडिया गेट से शुरू होकर यहीं पर समाप्त होने वाली इस दौड़ में बारह हजार धावकों के भाग लेने उम्मीद है। मवाना शूगर के अध्यक्ष सिद्धार्थ श्रीराम ने यहां प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि इस दौड़ के पुरुष व महिला दोनों वर्ग के विजेता को बराबर ढाई ढाई लाख रुपए इनाम के तौर पर दिया जाएगा जबकि दूसरे स्थान पर आने वाले धावक को एक एक लाख और तीसरे स्थान पर रहने वाले को पचास हजार दिया जाएगा। इसी तरह पहले बीस धावकों के लिए इनाम रखा गया है। उषा इंटरनेशनल के सहयोग और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के तत्वाधान में होने वाले वाली इस प्रतियोगिता में हाफ मैराथन जीतने वाले पुरुष और महिला दोनों वर्गो को बराबर सत्तर हजार रुपया दिया जाएगा इसी तरह पहले तीस स्थान तक के धावकों को इनाम दिया जाएगा। वेटरन वर्ग पुरुष (45 साल से ज्यादा) के विजेता को बीस हजार और महिला वर्ग (40 साल से ज्यादा) के विजेता को बीस बीस हजार और हाफ मैराथन के इस वेटरन वर्ग में पहले दस के विजेता का इनाम दिया जाएगा।